हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 25 जून 2024

[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका ]


तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री


13 पेंगोलिन, हाथी एवं तेन्दुओं के संरक्षण का पैगाम देने...





14 रानी दुर्गावती का बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरित...





प्रवेश प्रारंभ

BCA | PGDCA | DCA | B.P.Ed. | B.P.E.

PG Diploma in Yoga Edu.

AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त

(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)

नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर


## खबर संक्षेप

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 28 को

**गरियाबंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा कार्यालय परिसर गरियाबंद में 28 जून को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक निःशुल्क प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी प्रतिष्ठान बी.एच.एन. इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल डोहेल (देवभोग) द्वारा व्याख्याता, कम्प्यूटर शिक्षक, कम्प्यूटर एडमिन, एकाउंटेंट, डाटा एन्ट्री आपरेटर के 25 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। निजी प्रतिष्ठान में रोजगार के इच्छुक ऐसे आवेदक जिसकी उम्र 18 से 50 वर्ष है तथा न्यूनतम योग्यता बी.ई. (सी.एस./आई.टी./एम.सी.ए.), एम.एस.सी. (रसायन, भौतिकी, गणित, जीव विज्ञान), एम.कॉम/बी.कॉम, एम.ए. (हिन्दी, संस्कृत, इंग्लिश), रखते हों आवेदन कर सकते हैं।

### देशी प्लेन शराब के साथ एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली पुलिस ने 23 जून 2024 को दोपहर करीब 2:30 बजे मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी से करीब 15.3 लीटर देशी प्लेन शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि 1 व्यक्ति एक प्लास्टिक के बोरी में भारी मात्रा में शराब रखकर बिक्री करने के लिए भट्टी से शराब खरीदकर संजय गार्डन के पीछे तरफ ग्राम खैरा ले जाकर उसकी बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शौकीलाल बगरती पिता वासु बगरती (52 साल) निवासी वार्ड न 24 सुभाष नगर की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में 85 पौवा प्लेन देशी शराब कीमत 7650 रुपए तथा बिक्री रकम 200 रुपए को जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर अपराध कायम किया गया है।

**मांग : मनरेगा के अधिकारियों द्वारा आवेदकों से की जा रही पटवारी से प्रमाणित नक्शा की मांग**

# राजस्व विभाग व मनरेगा के बीच फंसे पशु शेड के आवेदक, अधिकारी ने कहा- जल्द होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत पशुओं के लिए शेड बनाने की योजना है, इसके लिए एक निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदक को कार्यालय में आवेदन दिया जाना है जिसकी स्वीकृति के पश्चात उनके पशु शेड का निर्माण कार्य किया जाता है, लेकिन उस प्रक्रिया में जिस स्थान पर शेड का निर्माण किया जाता है उनका नक्शा आदि प्रस्तुत किया जाता है। लेकिन कई जगह पर यह देखा गया है कि नक्शा कहीं और का निर्माण कार्य और जगह का होता है जिससे दोनों विभाग के अधिकारियों को काफी परेशानी होती है, अतः मनरेगा के अधिकारियों द्वारा आवेदकों को पटवारी से प्रमाणित नक्शा की मांग की जा रही है। लेकिन पटवारी द्वारा यह कहकर प्रमाणित नहीं किया जा रहा है कि प्रमाणित नक्शा के बाद भी दूसरे जगह शेड का निर्माण कर देता है इससे हमें भी परेशानी होती है अतः हम बगैर तहसीलदार के रिमार्क के हम किसी भी नक्शा का सत्यापन नहीं करेंगे, आदिवासी विकासखंड में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के नियमों को धता बताकर मनरेगा के अधिकारी हितग्राही किसानों को तहसीलदार के चक्कर काटने के लिए मजबूर कर रहे हैं। कार्य के अधिकार एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की सुरक्षा बढ़ाने व ग्रामीण विकास का तारकिया उदाहरण कहे जाने वाले इस महती योजना जिसके लिए विकासखंड स्तर पर इंजीनियर अधिकारी नियुक्त होते हैं जो की ग्राम पंचायत में नियुक्त रोजगार सहायक के माध्यम से व पंचायत के माध्यम से हितग्राही किसानों से प्राप्त अपने निजी भूमि पर पशु शेड अथवा भूमि सुधार के लिए आवेदन प्राप्त कर प्रस्ताव कर मनरेगा विभाग में प्रेषित करते हैं इसके लिए भूमि के चिन्हाकन व पुष्टि के लिए पटवारी द्वारा प्रमाणित किया जाता है। लेकिन अब मामला में पटवारी और मनरेगा के अधिकारियों के बीच हैं, जिसका नुकसान हितग्राही किसानों को भुगतना पड़ रहा है।



### मनरेगा अधिकारी नहीं निभा रहे जिम्मेदारी

अधिकारी बिना स्थान निरीक्षण मौका जांच के ही कार्य स्वीकृत करते हैं, कार्य चलते समय अधिकारी निरीक्षण पर क्यों नहीं जाते, गलत स्थान पर कार्य कराया गया है इसकी जिम्मेदारी किसकी है, दोषियों को सजा कौन देगा, जो अधिकारियों से मिलकर ऐसा करते हैं उसका खामियाजा हितग्राही किसान क्यों भुगतेगा। बंजारे ने कहा कि उन्होंने तहसीलदार को रिमार्क के लिए आवेदन दिए एक सप्ताह हो गए पर अभी तक रिमार्क होकर पटवारी के पास नहीं आया है, यदि मनरेगा अधिकारी अपने जिम्मेदारी को नहीं निभा रहे हैं तो उनके ऊपर भी कार्यवाही सक्षम अधिकारी द्वारा किया जाना चाहिए। तथा इस प्रकार के अनर्गल नियमों में शिथिलता बरतनी चाहिए।

### पटवारी से भूमि प्रमाणित करने गए, किया मना

पटवारी का कहना है की हितग्राही के जिस भूमि का सुधार के लिए राशि स्वीकृत हुआ उस भूमि में कार्य न करा कर अन्य स्थानों पर कार्य कराया जाता है, मनरेगा के अधिकारियों ने भी इसे स्वीकार किया लेकिन अब हितग्राही किसानों कि इसमें क्या गलती है। मामला उस समय सामने आया जब हरदी निवासी रूपनाथ बंजारे ने पशु शेड निर्माण मनरेगा के तहत कार्य कराने भूमि चिन्हांकन के लिए पटवारी के पास प्रमाणित करने गए, तब पटवारी ने साफ मना कर दिए कि मनरेगा के कार्य के लिए मैं भूमि चिन्हांकन पर प्रमाणित नहीं कर सकता इसके लिए तहसीलदार से रिमार्क कराना होगा। पटवारी के द्वारा कहीं गई यह बात मनरेगा में राशि स्वीकृत कराने की प्रक्रिया में ही नहीं आता। पटवारी ने कहा कि जिस स्थान को हम प्रमाणित करके देते हैं उसे पर कार्य नहीं होता। तब बंजारे ने मनरेगा अधिकारियों से संपर्क किया उन्होंने भी स्वीकार किया कि अन्य स्थान पर कार्य हुआ इससे प्रश्न उठता है कि क्या जिस स्थान पर कार्य चलता है वहां भगवान भरोसे हैं।

### मांगा गया है नक्शा

राजस्व विभाग के प्रमाणित किया जाने के पश्चात है पशु शेड के लिए आवेदन प्रेषित किया जाता है लेकिन कई बार शिकायत है कि जगह कहीं और है और निर्माण कार्य कहीं और होता है इसलिए प्रक्रिया में नक्शा को पटवारी से प्रमाणित मांगा गया है। और इस संबंध में तहसीलदार से बात कर जल्दी निराकरण के लिए चर्चा की गई है।

**-कपिल नायक,** मनरेगा परियोजना अधिकारी

# गोबर खरीदी बंद : गौठानों में सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

अंचल सहित जिलो में एक महीने से गोबर की खरीदी नहीं हुई है। प्रदेश में सरकार बदल गई हैं, आचार संहिता के तहत गोबर की खरीदी पर लगी रोक अभी तक नहीं हट पाई है। पिछले सरकार की सभी योजना भी बंद है, इसके अलावा गोमूत्र से जीवामृत, कीटनाशक और गोबर से वर्मी कंपोस्ट का निर्माण भी ठप हो गया है। नई गाइडलाइन जारी होने के बाद ही गोठानो में एक्टिविटी प्रारंभ हो सकती है। क्षेत्र के सभी पंचायतों में गोठान बन चुकें हैं। इन गौठानों में समितियों के माध्यम से जैविक खाद निर्माण के साथ अन्य गतिविधियों का संचालन किया जा रहा था। यह महिला समूहों के लिए एक आय का जरिया था। गोबर खरीदी को लेकर गोठान समितियों में असमंजस की स्थिति है। यहां काम करने वाली महिला समूहों की परेशानी भी बढ़ गई है। आगे क्या होगा यह कोई कुछ नहीं कह पा रहा है। जुलाई 2020 से गोधन न्याय योजना के तहत गोठानों में गोबर की खरीदी की जा रही थी। गोबर बचने के लिए हर पंचायतों के किसानों ने पंजीयन कराया था। गोबर खरीदने के बाद इसका भुगतान पशुपालकों के सीधे खाते में किया जा रहा था। गोठान में गोबर से अगरबत्ती, साबुन, खाद्य, धुप, राखी आदि का निर्माण कर समूह की महिलाएं आमदनी अर्जित कर रही थी। अब सब बंद है। शासन के नए निर्देश के इंतजार हो रहा है। कुछ समूह योजना से आर्थिक रूप से मजबूत भी हुए थे। गोबर से मूर्तियां, कड़े आदि बनाकर भी बिक्री की जा रही थी। अब गोठानों का क्या होगा, आने वाले समय बताएगा। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने बताया कि गोबर खरीदी के संबंध में कोई गाइडलाइन नहीं आई है। अभी गोबर खरीदी सहित गोठानों में संचालित सभी प्रक्रियाएं बंद है।



# तालाब के ऊपर से गुजर रहे तार, हादसे का अंदेशा





हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

अंचल के सबसे बड़े ग्राम व कस्बा पांडुका के मुख्य तालाब के ऊपर बिजली की तार झुक गया है जिससे कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। लबालब भरे इस पानी के ऊपर तालाब के दोनों पार में बिजली के खंभा लगा दिए गए हैं और बीच में 11 हजार केबी का तार झूल रहा है। ऐसे में कभी भी तार टूट जाता है। तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। कितने लोगों की जान संकट में हो सकता है इसका अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता। समय रहते अगर विद्युत विभाग यहां से तार नहीं हटाया तो कभी भी घटना घट सकती है। जिसको लेकर गांव के कई लोग चिंता जाहिर कर रहे हैं पर पांडुका में ही विद्युत विभाग का कार्यालय है जहां कनिष्ठयंत्री बैठते हैं। यह कहना गलत नहीं होगा अंचल में गांव- गांव की समस्या निपटाए जा रहे हैं पर जहां खुद जिम्मेदार बैठे हैं वहां की समस्या कौन निपटाएगा। बहर हाल इस बात की जानकारी से विद्युत विभाग है कि नहीं पर कुछ लोग इसकी शिकायत पूर्व में संबंधित विभाग को करने की बात कह रहे हैं। ऐसे में समय रहते विद्युत विभाग यहां से तार को नहीं हटाते तब तक खतरा मंडराता रहेगा, क्योंकि इस तालाब में सैकड़ों लोग रोज स्नान करते हैं और गांव के मुख्य तालाब होने की वजह से यहां बहुत से कार्यक्रम सार्वजनिक और सामाजिक कार्यक्रम स्नान आदि किया जाता है।

# बाढ़ एवं अतिवृष्टि से बचाव के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

■ 24 घंटे कार्य करने वाले नियंत्रण कक्ष का मोबाइल नंबर जारी

आगामी मानसून को देखते हुए बाढ़ एवं अतिवृष्टि से बचाव के लिए संयुक्त जिला कार्यालय दूरभाष नम्बर 07706-241288 में जिला स्तर पर बाढ़ आपदा प्रबंधन/नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष में समय-सारिणी के अनुसार अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी संबंधी आदेश कलेक्टर कार्यालय से जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के तहत माह जून से अक्टूबर तक प्रतिमाह 10-10 दिवस के लिए तीन पालियों में कर्मचारी ड्यूटी करेंगे। कंट्रोल रूम प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख चैतराम कोड़प्पा मोबाइल नंबर 3406425684 को बनाया गया है। जारी आदेशानुसार 1 तारीख से 10 तारीख तक प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक सहायक ग्रेड-03 जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र इतेन्द्र कुमार चुरेन्द्र, भृत्य वनमण्डल गरियाबंद कमल यादव और नगर सैनिक क्रमांक 265 गजेश्वर ध्रुव की ड्यूटी रहेगी। इसी तरह दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक जल संसाधन विभाग के सहायक ग्रेड-03 श्री संजीव कुमार नाग, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला फुलकर्रा के भृत्य धमेन्द्र कुमार सेन और नगर सैनिक क्रमांक 295 संतोष ध्रुव तथा रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक शासकीय हाईस्कूल फुलकर्रा के सहायक ग्रेड-03 संतोष कुमार कमार शासकीय हाईस्कूल मालगांव के भृत्य घनश्याम जायसवाल और नगर सैनिक क्रमांक-284 चोवा राम ध्रुव की ड्यूटी लगाई गई हैं। समय-सारिणी के अनुसार प्रतिमाह 11 तारीख से 20 तारीख तक तथा 21 तारीख से 31 तारीख तक अलग-अलग पालियों में कंट्रोल रूम में इन्हीं कर्मचारियों की ड्यूटी रोटेशन के आधार पर निर्धारित की गई है।

# पुल के रेलिंग की चोरी, खतरा बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

मड़ेली से छुरा मार्ग पर घुनघुटी नाले पर बने पुल के रेलिंग को चोर चोरी करके ले जा रहे हैं। पुल में लगे राड को रात के अंधेरे में चोर चोरी करके रफूचक्कर हो रहें हैं। सुरक्षा की दृष्टिकोण से लगाये गये रेलिंग को एक -एक कर चुरा ले जा रहे हैं। इससे पुल के पार जाने में खतरा महसूस हो रहा है। यहां पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की आवश्यकता है ताकि चोरों को पता लगाया जा सके। वहीं चोर इतने शातिर हो गये हैं कि लोहे की राड को चुरा कर ले जा रहे हैं। इसका संज्ञान किसी अधिकारी को नहीं है। नदी पर बने पुल के रेलिंग को एक- एक करके चोर चोरी कर रहे हैं। इससे राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। सुबह जब व्यायाम करने वाले विद्यार्थी जब जाते हैं तब यह दृश्य देखकर हैरान हो जाते हैं। चोरों की संख्या अंचल में बढ़ गई है। प्रशासन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। मवेशियों का जमावड़ा पुल पर बना रहता है। आये दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।



# गड्ढों में भरा पानी, सड़क पर चलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)



ग्राम मड़ेली से छुरा मार्ग में पुल-पुलिया के नजदीक गड्ढे से राहगीरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया के समीप गड्ढे हो गए हैं पानी भरें है। सिंगल मार्ग होने से गाड़ीयों को निकलने में मुश्किल होता है। अंधेरे में यात्री दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं इसमें कोई लाजिमी नहीं है। चौड़ीकरण की प्रक्रिया आज पर्यन्त अटका पड़ा हुआ है। जबकि इस मार्ग से हजारों लोग आना -जाना करते हैं। जगह-जगह गड्ढे, पानी का भरना तथा केबल तार बिछाने वाले जगह-जगह पर गड्ढे खोदकर खुला छोड़ दिया गया है। इससे दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। ग्रामवासियों द्वारा भी सड़क को खोद दिया गया है। इस पर भी कोई कार्यवाही आज पर्यन्त नहीं हो पाया। इस मार्ग में बड़ी- बड़ी हाईवा गाड़ीयां चलती है।

**विधायक ने जेसीबी पर चढ़कर किया मुआयना**

# जेसीबी से हुई निकासी नालों की सफाई





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

■ जलभराव वाले स्थानों पर विधायक साहू ने दिए सफाई के निर्देश

फिंगेश्वर रोड में शहर के छत्रपति शिवाजी चौक के समीप बरसात में होने वाली जलभराव की समस्याओं को राजिम विधायक रोहित साहू ने संज्ञान में लिया। इस दौरान वे जलभराव वाले स्थानों पर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं पार्षदों के साथ पहुंचे और पालिका प्रशासन से तत्काल जेसीबी मंगाकर सभी समस्याग्रस्त स्थानों की खड़े होकर सफाई कराया। विधायक ने अपनी नाराजगी भी जाहिर की। मौके पर पालिका प्रशासन के अफसरों को कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए अलर्ट रहे, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करें , जलभराव की स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए पूरी तैयारी लोक निर्माण विभाग के साथ मिलकर करें। शहर के लोगों ने पहली बार देखा कि राजिम में विधायक खुद ही मौके पर खड़े होकर हर समस्याओं को अपनी नजरों से न केवल देख रहे है बल्कि उसके त्वरित समाधान के लिए पहल भी कर रहे ⏭ शेष पेज 12 पर

### शौचालय निर्माण की बची हुई राशि दिलाने की मांग

**मुड़ागांव(कोरासी)।** विकास खण्ड छुरा के ग्राम पंचायत मडेली में स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत वित्तीय राशि 2021-22 व 23 में शौचालय निर्माण का कार्य हुआ है। जिसमें शौचालय निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। शासन द्वारा हितग्राही को शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार राशि प्रदान किया जाना था। लेकिन हितग्राहियों को शौचालय निर्माण पूर्ण होने पर 6 हजार राशि शौचालय निर्माण के लिए दिया गया है और 6 हजार राशि अभी तक नहीं मिला है, जिससे हितग्राहियों को परेशानी हो रही है। हितग्राही 2021-22 व 23वित्तीय राशि अंतर्गत निर्माण किया है। लेकिन राशि नहीं मिलने से दुकानदार परेशान किया जा रहा है। जिसको देखते हुए हितग्राही सुशीला, मंटोरा, दुर्गा, मांगबती, मीरा, खेमिन, मनीषा, अंजू, पुष्पा, फुलेश्वरी, धनेश्वरी, सोना बाई, मोहनी, बसंती, उमेश, हेमलता, संतोष, ढालेश्वर, मानू, रामोतीन, मावती, लेखू, छन्नू, रोहित, ढेलूराम, मानसिंह, धनीराम, ओम बाई, सुकाला, कौशिल्या आदि हितग्राहियों ने शासन प्रशासन से मांग की है की बचे हुए राशि तत्काल दिलाने की मांग की गई।


पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468



शरद कम्प्यूटर एजुकेशन

• DCA • PGDCA • TALLY PRIME

• ERP9 With GST Taxation • Ms Office

• फोटोशॉप • पेजमेकर • कोरल • सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण

Skill Training Partner

शरद कम्प्यूटर एजुकेशन राजिम

पता: रानी धर्मशाला परिसर राजिम

शरद पारकर मो. 98261-96073

# सराफा चुनाव में जबर्दस्त माहौल, परिणाम आते ही ढोल-बाजे के साथ मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के इतिहास में पहली बार बैलेट पेपर से हुए चुनाव के दौरान बहुत जबर्दस्त माहौल रहा। सुबह से लेकर रात तक पुजारी पार्क के मानस भवन के सामने भारी भीड़ जमी रही। सड़क पर लगे पंडाल के कारण पुलिस प्रशासन ने एक तरफ का रास्ता बंद कर दिया था।

सराफा एसोसिएशन के 30 साल से ज्यादा पुराने इतिहास में कभी भी चुनाव की नौबत नहीं आई। इसके पहले एक बार बिलासपुर में करीब 8 साल पहले चुनाव हुआ था तो वहां पर पर्ची से मतदान किया गया था, लेकिन पहली बार बैलेट पेपर से मतदान हुआ और चुनाव की पूरी प्रक्रिया भी हुई, इसको लेकर भारी उत्साह रहा।



### जीत के बाद झूमे कारोबारी

देर शाम को परिणाम आने के बाद एकता पैनल के विजेता कमल सोनी, प्रकाश गोलछा और हर्षवर्धन जैन के साथ पैनल के सदस्यों ने जोरदार जश्न मनाया। ढोल-बाजे पर सभी थिरकते नजर आए। जीत के बाद अध्यक्ष कमल सोनी ने कहा, हमने जो भी वादे चुनाव के पहले किए हैं, सभी को पूरा किया जाएगा। प्रदेश के सराफा कारोबारियों के हित में काम करेंगे।

### प्रदेशभर के कारोबारी पहुंचे

सराफा चुनाव में यूं तो प्रदेशभर के 91 एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष को मिलाकर कुल 273 ही मतदाता थे, लेकिन चुनाव के लिए केवल मतदाता ही नहीं, प्रदेशभर के एसोसिएशन के सराफा कारोबारी सदस्य भी भारी संख्या में रायपुर पहुंचे। सुबह से ही सभी मानस भवन में जुटे। चूंकि मतदान केंद्र के अंदर जाने की समर्थकों के साथ किसी को भी अनुमति नहीं थी, ऐसे में सड़क पर ही एकता और जय पैनल के सदस्यों ने अपने पंडाल बना रखे थे। हर आने वाले मतदाता से पैनल के प्रत्याशियों के साथ उनके समर्थक मिलते रहे और उनसे सहयोग की अपील की।



## खबर संक्षेप

### युवाओं को रोजगार देना भूली सरकार

**रायपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गांरटी के नाम से युवाओं को एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती एवं युवाओं को रोजगार के लिए कर्ज देने और कर्ज पर 50 प्रतिशत सब्सिडी देने का वादा किया था। उस दिशा में बीते 6 महीने में कुछ काम नहीं हुआ है। सत्ता मिलने के बाद भाजपा युवाओं से किए वादे को भूल गई। अभी 33 हजार पदों पर भर्ती के लिए सिर्फ बयानबाजी चल रही है, पर नतीजा साफ नहीं हो रहा है। यह भर्ती प्रक्रिया कांग्रेस की सरकार के दौरान ही बनी थी। आज भी उसमें से 50 हजार शिक्षकों के पद खाली हैं, उसमें भी युवाओं को अवसर मिलना चाहिए।

### सहकारिता निरीक्षकों की पदस्थापना

**रायपुर।** राज्य सेवा परीक्षा परिणाम के आधार पर सहकारिता विभाग में चयनित अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। चयनित निरीक्षक कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक तीन वर्ष की परिवीक्षावधि पर रहेंगे। सहकारिता निरीक्षक के पद पर जिनकी नियुक्ति की गई है, उनमें शशांक तिवारी को कोरबा, गरिमा शर्मा को जांजगीर-चांपा, नितिन अग्रवाल को दुर्ग, अभिषेक कुमार सिन्हा को रायपुर, रुखसार बानो को मुंगेली, समृद्धि ताम्रकार को महासमुंद, मुकेश कुमार गुप्ता को रायपुर, मनीष कुमार रात्रे को बिलासपुर, सतानंद पाटले को मुंगेली, नितेश कुमार भगत को अंबिकापुर, इंद्र कुमार को कांकेर, विनायक सिंह को बस्तर, शैलजा खलखो को सूरजपुर, घनेंद्र कुमार साव को जशपुर और देवव्रत भार्गव को जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही पदस्थ किया गया है।

### मंत्री तोखन ने की साय और डॉ. रमन से मुलाकात



**रायपुर।** राजधानी में प्रवास के दौरान आवास एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निवास पर पहुंचकर उनसे भी शिष्टाचार भेंट कर मार्गदर्शन लिया। राज्यमंत्री श्री साहू से सर्किट हाउस में प्रदेशभर से आए हुए कार्यकर्ताओं, विभिन्न संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने अलग-अलग भेंट कर उन्हें केंद्रीय राज्यमंत्री बनाए जाने पर लोगों ने उन्हें बधाई दी। कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद वे दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

## पेज 11 का शेष...

### जेसीबी से हुई...

है। लोगों ने कहा कि स्थानीय विधायक होने का लाभ अब समूचे राजिम क्षेत्र सहित राजिम की जनता को मिल रहा है। विधायक सुबह से ही नगर भ्रमण में निकल पड़ते है। जहां उन्हें समस्याएं दिखती है वहां खड़े होकर मुहल्लेवासियों से पुछताछ भी करते है और समस्याओं का निराकरण भी। इससे नगर में व्याप्त समस्याओं का निराकरण शीघ्रता से हो रहा है। रविवार को विधायक श्री साहू जब शिवाजी चौक पहुंचे तो उनके साथ नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर के प्रतिनिधि वरिष्ठ भाजपा नेता जीतेन्द्र सोनकर, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, मनोज देवांगन, पार्षद महेश यादव, ओमप्रकाश ऑडिल, टंकू सोनकर, विनोद सोनकर, लेखा महोबिया, पूर्णिमा चंद्राकर, प्रवीण पुष्पाकर, तेज साहू, यादराम साहू, भागवत साहू, सुनील श्रीवास्तव, घनाराम साहू मौजूद थे।

---

रायपुर संभाग में टाटा कंपनी लगाएगी 18 लाख से ज्यादा मीटर, लगना प्रारंभ हो चुका

# घरों में भी घूमने लगा स्मार्ट मीटर, कुछ माह पोस्टपेड, फिर बिजली के लिए प्री-पेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ हो गया है। राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के सभी शहरों में हर वर्ग के उपभोक्ताओं के मीटर बदले जा रहे हैं। हालांकि सभी उपभोक्ताओं के मीटर बदलने में करीब दो साल का समय लगेगा। पॉवर कंपनी के पास एक लाख स्मार्ट मीटर का स्टॉक आ गया है। अभी महज 14 सौ मीटर लगे हैं, लेकिन अब इनके लगाने की रफ्तार बढ़ेगी। इसी के साथ सरकारी दफ्तरों, फीडरों, ट्रांसफार्मरों में भी मीटर लगाने का काम चल रहा है।

रायपुर संभाग का काम टाटा कंपनी को मिला है। स्मार्ट मीटर वैसे तो प्रीपेड ही होंगे, लेकिन तत्काल में इसको प्रीपेड नहीं किया जा रहा है। कुछ समय कनेक्शन पोस्टपेड ही रहेंगे। इसके बाद पूरी व्यवस्था होते ही सभी कनेक्शन प्रीपेड कर दिए जाएंगे। ऐसा होते ही रिचार्ज कराने पर बिजली मिलेगी। इन मीटरों की कई तरह की खासियत है। सबसे पहले सवा लाख सरकारी दफ्तरों में मीटर लगाने का काम हो रहा है। साथ ही दो लाख दस हजार ट्रांसफार्मरों, छह हजार फीडरों में मीटर लगाए जा रहे हैं। रायपुर में टाटा कंपनी 17 लाख 79 हजार 363 कनेक्शनों में मीटर बदलने का काम करेगी। इसी के साथ बिलासपुर-सरगुजा संभाग, बस्तर, दुर्ग और राजनांदगांव को मिलाकर बनाए गए संभाग में जीनस कंपनी मीटर लगाने का काम करेगी। यहां भी काम चल रहा है। प्रदेश में कुल मिलाकर 54 लाख उपभोक्ताओं के मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे।

### रायपुर में डीडीनगर से शुरुआत

राजधानी रायपुर में घरेलू उपभोक्ताओं के मीटर बदलने का काम डीडीनगर से प्रारंभ किया गया है। डगनिया सब्जी बाजार के पास एनएल शुक्ला के घर पर एक दिन पहले ही स्मार्ट मीटर लगा है। एलआईसी का काम करने वाले श्री शुक्ला ने बताया, अभी तो कुछ कह नहीं सकते, एक माह बाद जब बिल आएगा तो समझ में आएगा कि पुराना मीटर ठीक था या फिर यह ठीक है। साईं मंदिर के पीछे तीजूराम वर्मा के घर पर भी स्मार्ट मीटर लगाया गया है। डीडीनगर के साथ ही शहर और भी कई इलाकों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ किया गया है। मीटर लगाने का काम ठेका लेने वाली टाटा कंपनी के कर्मचारी कर रहे हैं। इनको उपभोक्ताओं की सूची डीसी सेंटर उपलब्ध करा रहे हैं। पहले सिंगल फेस के मीटर बदले जा रहे हैं।



### सभी वर्गों के मीटर बदल रहे

घरेलू के साथ सभी वर्गों के मीटर बदलने का काम प्रारंभ कर दिया गया है। अभी एक लाख मीटरों का स्टॉक आ गया है।

- **राजेंद्र प्रसाद,** योजना सीई, पॉवर कंपनी


### बिजली चोरी नहीं होगी संभव

स्मार्ट मीटर की एक नहीं, बल्कि थोक में कई तरह की खासियत है। योजना के सीई राजेंद्र प्रसाद के मुताबिक इन मीटरों के लगने से सही खपत करने वाले उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। जो उपभोक्ता गड़बड़ी करके बिजली चोरी करते हैं, उनको तगड़ा झटका लगेगा। इन मीटरों के लगने के बाद कंट्रोल रूम में बैठकर एक-एक उपभोक्ता की खपत पर नजर रखना संभव होगा। अगर किसी उपभोक्ता की खपत दिन में ज्यादा और रात में कम होगी या फिर कभी भी खपत कम-ज्यादा होगी तो ऐसे उपभोक्ता की जांच करके गड़बड़ी को पकड़ा जाएगा। मीटर में हर 15 मिनट की खपत देखने की व्यवस्था है। कब कितनी खपत की गई है, किस समय कितने लोड का उपयोग हो रहा है। उपभोक्ता ने कितना लोड लिया है और उसकी खपत कितनी हो रही है। कुल मिलाकर रीयल टाइम डाटा देखने की पूरी सुविधा मीटर में है। मीटर में सालभर से ज्यादा की खपत का रिकॉर्ड भी देखा जा सकेगा।

---

ईसीजी मशीन में की तोड़फोड़

# आंबेडकर अस्पताल के सीएमओ दफ्तर में युवक ने किया हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ पिता की मृत्यु की खबर से आक्रोशित हुआ युवक

चिकित्सकों द्वारा जांच के दौरान पिता को मृत बताने से बौखलाए युवक ने आंबेडकर अस्पताल के केजुअलटी चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में हंगामा कर दिया। मौजूद स्टाफ से दुर्व्यवहार करने के बाद उसने ईसीजी मशीन तोड़ दी। सूचना पर पुलिस ने हस्तक्षेप के बाद मामला शांत कराया।

जानकारी के अनुसार विजय नगर निवासी एक मरीज को रविवार शाम आंबेडकर अस्पताल लाया गया था। जहां प्राथमिक जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता की मृत्यु की सूचना पर पुत्र मनोज सिकदार आपा खो बैठा और उसने आपात चिकित्सा कक्ष में मौजूद चिकित्सकीय स्टाफ से बदतमीजी शुरू कर दी। इसके बाद वह बाहर निकला और ईसीजी मशीन को नुकसान पहुंचा दिया। घटनास्थल पर मौजूद गार्ड ने उसे रोका और सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने उसे पकड़ लिया। बाद में मामले की नजाकत को समझते हुए दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया।

मौदहापारा थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में किसी तरह की शिकायत नहीं की गई है।

---

■ बीज निगम ने कहा- दोनों किस्म के बीजों की कमी नहीं

# सोसायटियों में नहीं मिल रहे स्वर्णा-महामाया धान के बीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून शुरू होने के बाद किसान अपने खेतों में धान उगाने की तैयारी में हैं, लेकिन किसानों की शिकायत है कि सोसायटियों में उन्हें स्वर्णा और महामाया किस्म के धान के बीज नहीं मिल रहे हैं। रायपुर जिले में यह शिकायत धरसींवा और तिल्दा क्षेत्र के किसानों की ओर से आई है, जबकि बीज निगम के अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल की तुलना में ढाई गुना अधिक बीजों का भंडारण किया गया है। इन दोनों प्रकार के बीजों की कोई कमी नहीं है।

धरसींवा-तिल्दा क्षेत्र के किसानों से मिली जानकारी के अनुसार उनके क्षेत्र की सोसायटियों में स्वर्णा और महामाया किस्म के धान के बीज सोसायटियों में उपलब्ध नहीं हैं। महामाया एक मोटे किस्म का धान का बीज है, स्वर्णा भी मोटे किस्म के धान बीज की श्रेणी में आता है, लेकिन इसक चावल कुछ पतला होता है। किसानों का ये कहना भी है कि सही समय पर धान बीज का परिवहन न होने के कारण ये स्थिति बनी है। मानसून सीजन की शुरुआत में दो बार से अधिक बारिश होने के बाद किसान अब धान बोने की तैयारी में हैं, लेकिन पसंद का बीज नहीं मिलने से परेशानी हो रही है।

### धरसींवा और तिल्दा क्षेत्र के किसानों को नहीं मिल रहे बीज



### अभनपुर क्षेत्र में उपलब्ध बीज

धान बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी लेने अभनपुर क्षेत्र की तोरला सोसायटी से संपर्क किया गया तो जानकारी मिली कि वहां स्वर्णा और महामाया किस्म के धान बीज उपलब्ध हैं। अधिकांश किसान ये धान बीज ले जाकर बुआई भी कर चुके हैं। अभी भी तोरला सोसायटी में 15 क्विंटल महामाया और 35 कट्टा स्वर्णा के बीज उपलब्ध हैं। सोसायटी वाले बीज के उठाव के लिए किसानों के इंतजार में हैं। दूसरी ओर बीज निगम के अधिकारियों का कहना है कि स्वर्णा और महामाया किस्म के धान बीजों की कोई कमी नहीं है। पिछले साल की तुलना में ढाई गुना अधिक भंडारण सोसायटियों में किया जा चुका है। बीज निगम के एक अधिकारी ने ये भी कहा कि किसी भी किसान को इन दोनों किस्मों के धान बीज चाहिए तो वे बीज निगम से संपर्क कर ले सकते हैं।

---

# बैज बोले- पीएम आवास पर श्वेतपत्र जारी करे सरकार



■ भाजपा सरकार आने के बाद हितग्राहियों को एक रुपए भी नहीं दिया गया

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, साय सरकार 18 लाख आवास पर श्वेत पत्र जारी करे। भाजपा सरकार बनने के बाद 18 लाख आवास स्वीकृत होने का दावा किया गया था, जबकि 18 लाख आवास में से अब तक एक भी आवास स्वीकृत नहीं हुआ है। सरकार ने गरीबों को आवास देने के नाम से धोखाधड़ी की है। जो भी आवास बने हैं और जो बन रहे हैं, वे कांग्रेस सरकार के दौरान स्वीकृत हुए थे। केंद्र की मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रधानमंत्री आवास के मकानों की संख्या को स्वीकृति ही नहीं दी है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस मांग करती है कि सरकार के दावों में सच्चाई है तो स्वीकृत आवासहीनों के नाम सार्वजनिक किए जाएं। केंद्र सरकार बताए कि 18 लाख आवासों में से कितने स्वीकृत किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास का दावा करने वाली भाजपा सरकार ने अभी तक किसी हितग्राही के खाते में एक रुपए भी नहीं डाला है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश सरकार ने आवासहीनों के खाते में पहली किस्त डाली थी। उसके बाद भाजपा सरकार ने एक भी रुपए नहीं भेजा है। पीएम आवास योजना 2015 में लागू हुई, तब केंद्र और राज्य दोनों जगह बीजेपी की सरकार थी। छत्तीसगढ़ के लिए कुल 18 लाख आवास का लक्ष्य तय किया गया था।

---

# प्रयास आवासीय विद्यालयों की प्रवेश परीक्षा 21 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों की कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा रविवार 21 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक विभिन्न परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी 8 जुलाई तक पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के आयुक्त के अनुसार, छत्तीसगढ़ शासन का प्रयास आवासीय विद्यालय योजना महत्वकांक्षी योजना है। योजना का उद्देश्य नक्सल प्रभावित जिले एवं आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में स्थित शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना है।

विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफल होने के लिए प्रारंभ से ही विशेष कोचिंग के माध्यम से तैयार कर सक्षम बनाया जाता है।




### 148 सीटें खाली

प्रयास आवासीय विद्यालयों से प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में विद्यार्थी चयनित होकर उच्च संस्थानों में प्रवेशित होते हैं। राज्य में 9 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में कक्षा 11वीं में विभिन्न जाति वर्ग समूह अंतर्गत 148 सीटें रिक्त हैं। रिक्त सीटों पर प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम होगा। प्रवेश परीक्षा का प्रश्नपत्र कक्षा 10वीं स्तर का होगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

---

■ एनजीटी की गाइड लाइन का किसी भी जिले में नहीं हो रहा पालन

# दो किमी दूर का नियम, पर नदी से 500 मीटर के भीतर ही कर रखा रेत का भंडारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

एनजीटी की गाइड लाइन के अनुसार रेत का भंडारण नदी से दो हजार मीटर दूर किया जाना है, लेकिन इस नियम का भी जिले की खदानों में पालन नहीं किया जा रहा है। ठेकेदार और माफिया के गुर्गों ने नदी के 500 मीटर के अंदर ही रेत का जगह-जगह भंडारण कर दिए हैं। इनमें ज्यादातर अवैध रूप से किए गए भंडारण है। कई जगह तो पहाड़ के रूप में भंडारण दिख रहे हैं। खनिज विभाग की टीम लगातार इन खदानों का निरीक्षण करने का दावा करती है। ऐसे में नियम विरुद्ध व अवैध रूप से किए गए रेत के भंडारण पर कार्रवाई नहीं करना, कहीं न कहीं विभाग के अधिकारी व निरीक्षण टीम भी सवालों के घेरे में है। खदानों पर 15 जून से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद हरिभूमि की टीम ने रेत खदानों की पड़ताल की थी। इस दौरान कई खदानों में ठेकेदार और माफिया के गुर्गे प्रतिबंध के बावजूद रेत का उत्खनन व परिवहन करते मिले। इस पड़ताल के दौरान कई खदानों में नदी से 500 मीटर की दूरी पर रेत के जगह-जगह भंडारण भी मिले थे, जिसे ठेकदार और माफिया के गुर्गों ने बारिश के सीजन को देखते हुए किया था।


रेत खदानों में खुलेआम चेन माउंटेन मशीनों से उत्खनन जारी, विभाग के अधिकारी मौन

### अवैध भंडारण पर होती है कार्रवाई

*शिकायत मिलने पर अवैध रेत भंडारण पर भी कार्रवाई की जाती है। जिले में कहीं-कहीं कार्रवाई की गई है। इस मामले में भंडारण करने वालों का पता लगाकर उन पर जुर्माना लगाया जाता है। नदी किनारे अवैध भंडारण की शिकायत नहीं मिली है।*

*- केके गोलघाटे, उप संचालक, खनिज विभाग*

**इन जगहों पर हैं रेत के अवैध भंडारण :** आरंग क्षेत्र के राटाकाट, बेनीडीह, पारागांव, कुम्हारी सहित अन्य खदानों के पास नदी के 500 मीटर दूरी पर जगह-जगह कई जगह पर रेत के अवैध भंडारण है। इसके अलावा नदी से लगे आसपास के गांव के खाली जमीनों पर भी कई जगह पर रेत के पहाड़नुमा भंडारण हैं। विभागीण सूत्रों के अनुसार जिले में रेत भंडारण के लिए सिर्फ 14 जगहों पर ही अनुमति दी गई है, जबकि सैकड़ों जगह पर अवैध रूप से भंडारण है।

### बारिश में धीरे धीरे बह गई

बारिश का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में जिले में कुछ जगहों पर तहसील और विभाग स्तर की कार्रवाई के दौरान रेत का अवैध भंडारण मामले में कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के बाद भंडारण रेत अभी भी उसी जगह पर डंप है। बारिश होने पर भंडारण रेत धीरे-धीरे बारिश के पानी के साथ बह भी जाती है। इसका फायदा माफिया उठा सकता है। रेत को यहां से गायब कर बारिश के पानी में रेत बह गई इसका बहाना भी बनाया जा सकता है। इस बहाने का फायदा विभाग के अधिकारी भी उठा सकते हैं, क्योंकि कार्रवाई के बाद अधिकारी डंप रेत को देखने तक नहीं जाते हैं।

---

# हार की समीक्षा से पहले ही कांग्रेस में बदलाव संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पहले विधानसभा चुनाव और इसके बाद लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार सामना करना पड़ा है। इसके बाद से छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बदलाव को लेकर चर्चाएं तेज होने लगी हैं। हालांकि अभी लोकसभा चुनाव में हुई करारी हार की समीक्षा पार्टी ने नहीं की है। समीक्षा बैठक से पहले यह भी संकेत मिलना शुरू हो गए हैं कि यहां नए प्रभारी और अध्यक्ष बनाए जा सकते हैं।

कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर हार की समीक्षा के लिए एक कमेटी का गठन किया है। उन राज्यों में, जहां कांग्रेस को करारी हार मिली है, वहां अलग-अलग वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। कमेटी के सदस्य संबंधित राज्यों में जाकर हार की समीक्षा को लेकर मंथन करेंगे। कमेटी गठन के बाद छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की राज्यस्तर पर आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक टाल दी गई है।

### मोइली का दौरा जल्द

*छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की समीक्षा करने एआईसीसी ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित की है। कमेटी के सदस्य शीघ्र राज्य का दौरा करने वाले हैं। कमेटी द्वारा वे पीसीसी प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से हार के कारणों की जानकारी प्राप्त करेंगे। रिपोर्ट के आधार पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बदलाव हो सकता है। प्रदेश में हार के कारणों की पड़ताल करने वीरप्पा मोइली और हरीश चौधरी को नियुक्त किया गया है। दोनों कांग्रेस नेता जल्द ही छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे।*

### चर्चा के बीच ये नाम आगे

*छत्तीसगढ़ में सचिन पायलट प्रदेश प्रभारी और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की अगवाई में लोकसभा चुनाव लड़ा गया था। प्रदेश में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा। प्रदेश में अंदरूनी कलह और डैमेज कंट्रोल नहीं कर पाने का भी चुनाव में असर देखने को मिला। चुनाव में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन के चलते प्रभारी और अध्यक्ष को बदला जा सकता है। नए अध्यक्ष के लिए पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम, फूलोदेवी नेताम, इंद्र शाह मंडावी, लखेश्वर बघेल के नाम की चर्चा है।*

**खबर संक्षेप**

## रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस 24 जून पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा है कि रानी दुर्गावती भारत की उन वीरांगनाओं में से एक थीं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए। उन्होंने अपने शौर्य और साहस से वीरता की एक नई इबारत लिखी। उनका साहस और बलिदान हमेशा देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।

## विधायक अनुज ने किया लोकार्पण



**रायपुर।** श्री साईं दर्शन आवासीय समिति जोरा में विधायक निधि से नवनिर्मित भवन का लोकार्पण धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने रविवार को किया। इस अवसर पर कॉलोनी के समस्त पदाधिकारी एवं कॉलोनीवासी मौजूद थे।

## सुहिणी सोच ने मनाया योग दिवस



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुहिणी सोच संस्था द्वारा साइंस कॉलेज मैदान में 'योग का करें प्रण, नशामुक्त होगा छत्तीसगढ़' का दशम आयोजन किया गया। संस्थापक मनीषा तारवानी की सहभागिता रही और अध्यक्ष दीक्षा बुधवानी व सचिव पूनम बजाज ने बताया कि नियमित योग करने से कैसे हम अपने आपको फिट रख सकते हैं! मीडिया प्रभारी कविता नारा ने बताया कि इस प्रोग्राम में पूर्व अध्यक्ष विद्या गंगवानी व अध्यक्ष करिश्मा कमलानी ने भी अपनी कार्यकर्ताओं पल्लवी चिमनानी, संगीता पुरी, रेखा पंजवानी, ईशानी तोतलानी, सिया जसवानी, भारती सिहानी, हर्षा सिंहानी के साथ प्रोग्राम में हुए क्विज कंट्रोल क्विज कांटेस्ट के बखूबी उत्तर दिए।

## चोरी का वाहन बेचने की फिराक में धरे गए दो चोर



**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने दो वाहन चोर अरुण साहू उर्फ ज्ञानेंद्र निवासी समुदायिक भवन के पास सीतानगर गोगांव एवं तेजनारायण उर्फ सोनू साहू निवासी सीतानगर गोगांव को गिरफ्तार किया है। दोनों ने गुढ़ियारी निवासी प्रार्थी विजय पटले के घर से स्प्लेंडर चोरी की थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने आरोपियों को गोगांव के सीतानगर चौक के पास चोरी की उसी गाड़ी को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश करते पकड़ा। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### राजधानी में काम के लिए व इलाज कराने आने वालों की सुविधा का ऐसा हाल

# रैन बसेरा बनवाकर भूला नगर निगम कहीं विस्थापितों का डेरा, कहीं तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

मुसाफिरों के लिए शहर में कई जगह रैन बसेरा बनवाने और जरूरी सुविधा देने नगर निगम ने एक करोड़ से ज्यादा खर्च किया है। इसके बाद भी लोगों को मिलने वाली सुविधा अव्यवस्था की भेंट चढ़ रही है। देखभाल के अभाव में किसी रैन बसेरा में तोड़फोड़ में प्रभावित परिवारों को वैकल्पिक व्यवस्था मिल रही तो किसी में एजेंसी कर्मी जमे हुए हैं। इससे बारिश के मौसम में मुसाफिरों को मिलने वाली सुविधा का हाल बेहाल है।

राजधानी में निगम ने 15 से 20 साल में 8 जगह रैन बसेरा बनवाया है। इनमें शहर के बीच ही चार जगह रैन बसेरा बनवाने पर निगम ने एक करोड़ से ज्यादा खर्च किया है। जहां बारिश के दिनों में मुसाफिरों को किस तरह की सुविधा मिल रही है, इसकी जमीनी सच्चाई जांचने के लिए हरिभूमि की टीम ने पड़ताल की। इस दौरान कई खामियां देखने को मिलीं। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व मुख्य मार्ग के आसपास बनवाए गए रैन बसेरों में से सिर्फ एक ही जगह ही लोगों को रात बिताने के लिए सुविधा मिल रही है। बारिश के मौसम में बची तीन जगह रैन बसेरा की सुविधा इसलिए नहीं मिल रही, क्योंकि जोन के जिम्मेदार बनवाए गए आश्रय स्थल की सुध भी नहीं ले रहे हैं। जिन लोगों का आनन-फानन में मकान तोड़ा गया, उन्हें भी बसाया है। इससे मुसाफिरों की सुविधा लंबे अरसे से नहीं मिल रही है।

मुसाफिरों को सुविधा भी सिर्फ पंडरी बस स्टैंड में मिल रही है। बस स्टैंड हटने से 80 बिस्तर वाले आश्रय में प्रतिदिन एवरेज 15 से 20 मुसाफिर ही पहुंचते हैं।







### तीन जगह सुविधा भी फेल

बस स्टैंड में रनिंग स्थिति में मिले रैन बसेरा के कर्मी ने बताया कि बस स्टैंड हटने से आश्रय स्थल के बेड खाली रहते हैं। इससे पहले 80 बेड वाला आश्रय स्थल हमेशा गुलजार था, अब लोग कम आते हैं। पंडरी के मठपारा में बनवाए गए रैन बसेरा में ताला बंद मिला। वहां आसपास के लोगों ने बताया कि अभी निगम के एजेंसी कर्मी आते-जाते रहते हैं। रामनगर ढलान के पास बनवाए गए दो मंजिला भवन के ऊपरी माले पर रैन बसेरा की सुविधा कुछ दिनों तक ही लोगों को मिली, अब बिल्डिंग में तालाबंदी है। विवेकानंद आश्रम के पास बनवाए गए आश्रय स्थल में विस्थापित जमे हैं।





### मुफ्त में मिल रही है सुविधा

निगम ने रामनगर में 68 लाख, पंडरी बस स्टैंड में 25 लाख से ज्यादा व मठपारा और विवेकानंद आश्रम के पास रैन बसेरा की सुविधा देने पर 8 एवं 10 लाख से ज्यादा खर्च किया। वर्तमान स्थिति में पंडरी बस स्टैंड स्थित आश्रय स्थल में ही मुसाफिरों को नहाने, सोने और लॉकर की सुविधा प्रतिदिन 40 रुपए भुगतान पर मिलती है। वहीं तीन में से दो स्थानों पर जमे हुए लोग निगम की बिजली, पानी की सुविधा तो ले रहे हैं, लेकिन निगम को कोई फायदा नहीं मिल रहा है। बरसात के लिहाज से इनमें सुविधा देने के लिए दोबारा शुरू कराने का प्रयास भी दो साल से अधूरा है।

### दो रैन बसेरा जल्द शुरू करेंगे

जिन रैन बसेरों की जानकारी दे रहे हैं, उनमें से बस स्टैंड का ही बेहतर तरीके से संचालित हो रहा है। मठपारा व विवेकानंद आश्रम के पास स्थित रैन बसेरा को जल्द ही व्यवस्थित करने जोन को निर्देश दिए हैं। रामनगर के रैन बसेरा को शुरू करने में विलंब होगा,क्योंकि वहां अभी काम चल रहा है।

*- **विनोद कुमार पांडेय,** अपर आयुक्त, ननि रायपुर*

## पैंगोलिन, हाथी एवं तेन्दुओं के संरक्षण का पैगाम देने बाइकर्स ग्रुप पहुंचे उदंती



मैनपुर। पैंगोलिन हाथी एवं तेंदुआ के संरक्षण का पैगाम देने के लिए राजधानी रायपुर से बाइकर्स ग्रुप के सदस्य उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व पहुंचे बाइकर्स ग्रुप के सदस्य शनिवार को बड़ी संख्या में नेशनल हाईवे 130 सी गरियाबंद मुख्य मार्ग होते हुए पहले मैनपुर पहुंचे और मैनपुर से उदंती अभ्यारण के लिए रवाना हुए, बाइकर्स ग्रुप से क्षेत्र के युवाओं ने मुलाकात किया और सेल्फी भी लिया बाइकर्स ग्रुप के सदस्यों ने उदंती अभ्यारण पहुंचकर यहां के घने जंगल और वन प्राणियों के संबंध में कहा यहां के जंगल नेचुरल है जंगल और वन प्राणियों के संरक्षण के लिए सभी क्षेत्रवासियों को आगे आकर सहयोग करने की जरूरत है उदंती अभ्यारण पहुंचकर बाइकर्स ग्रुप काफी खुश हुए। वहीं बर्ड वाचिंग, तीरंदाजी एवं कायार्किंग का आनंद उठाया। बाइक रैली एवं जागरूकता पोस्टर्स के माध्यम से वन्यप्राणी संरक्षण का पैगाम लेकर वापिस रायपुर, भिलाई लौटे टीम में पांच महिला राइडर्स, पर्यावरणविद, डॉक्टर्स, जर्नलिस्ट, वकील, इंजीनियर, शिक्षक, बैंकर्स एवं प्राइवेट सर्विस पेशे से सम्बंधित 42 राइडर्स शामिल है। इस अवसर पर वन प्रबंधन समिति सदस्यों के साथ वन अमले के जगदीश प्रसाद दर्रो एसडीओ तौरंगा, गोपाल कश्यप एसडीओ उदंती, अमर सिंह ठाकुर रेंजर कुल्हाड़ीघाट, डीएन सोनी रेंजर उत्तर उदंती, मनोज ध्रुव, अनूप जांगडे, सूर्यदेव जगतवंशी, वीरेंदर ध्रुव, शिवराज साहू आदि उपस्थित थे।

## अध्यक्ष विश्वनाथ, कोषाध्यक्ष बने भूपेश



**रायपुर।** रायपुर वीडियो जर्नलिस्ट एसोसिएशन का चुनाव रविवार को हुआ। चुनाव में 78 सदस्यों ने वोटिंग की थी, जिसमें अध्यक्ष विश्वनाथ साहू, उपाध्यक्ष पुनीत सोनकर, कोषाध्यक्ष भूपेश जांगड़े और सचिव अभिषेक डड़सेना निर्वाचित हुए। संयुक्त सचिव के रूप में राजकुमार प्रसाद पहले ही निर्वाचित हो चुके थे, क्योंकि उनके सामने चुनाव मैदान में खड़े रेखराम देवांगन पहले ही किसी प्रत्याशी के लिए प्रस्तावक के रूप में सामने आ चुके थे। पूर्व में मनोनीत किए गए अध्यक्ष विश्वनाथ साहू ही निर्वाचित हुए।

# पसौद की घटना को लेकर साहू समाज में आक्रोश, गांव पहुंचा प्रतिनिधिमंडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

साहू समाज का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरी साहू, महामंत्री रामकुमार साहू, महासचिव सोहन साहू, खोमन साहू, संगठन मंत्री घनश्याम साहू के साथ ग्राम पसौद पहुंचा। यहां पीड़ित परिवार से मिला। इस संबंध में राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बताया कि राजिम क्षेत्र के ग्राम पसौद में मृत कुंवारी युवती कुमारी रोशनी पिता धनेश साहू के परिजन एवं ग्रामवासियों के द्वारा विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया था। घटना के दो माह पश्चात गांव के ही तीन अपराधियों के द्वारा उक्त मृतक के शव को जमीन से खोद कर उनके शरीर के दोनों हाथ एवं मुंडी को काटकर बाहर निकलकर उक्त अंगों को अन्यत्र बाहर छुपा दिया गया। परिवारजनो को इसकी भनक लगते ही गांव में बैठक कर संदिग्ध लोगों से पूछताछ किया गया परंतु संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर पुलिस थाना फिंगेश्वर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया। पुलिस ने अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। परंतु बहुत ही कछुआ चाल से इसकी जांच-पड़ताल की जा रही है। श्री साहू ने बताया कि समाज का एक प्रतिनिधि मंडल, पीड़ित परिवार से मिला। ग्राम प्रमुखो के साथ इस घटना की जानकारी लिया जिसमें ग्रामवासी एवं पीड़ित परिवार इस घटना से बहुत ही भयभीत एवं दहशत में है। किसी अनहोनी की आशंका से पूरे गांव में दहशत का वातावरण बना हुआ है। श्री साहू ने बताया कि मृतक के पिता धनेश साहू, भाई चित्रसेन साहू एवं ग्रामवासियों का कहना है कि जब अपराधी पुलिस के सामने अस्थि को निकालने की बात कबूल कर रहा है तो उसको कहां रखा है? इस बात को क्यों नहीं बता रहा है? इसमें पुलिस की भूमिका से ग्रामवासी एवं परिवार जन संतुष्ट नहीं है। पुलिस प्रशासन पर लीपा पोती का आरोप समाज के लोगो ने लगाया है। परिवारजनो की मांग है कि मृतक बेटी की अस्थि कंकाल को बरामद कर परिवार के सुपुर्द किया जाए ताकि उसकी विधि विधान से अंतिम संस्कार किया जा सके। साहू समाज ने इस घटना की जांच एसपी स्तर पर करने की मांग करते हुए अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की बात कही है। प्रतिनिधि मंडल इस संबंध में जल्द ही जिलाधीश एवं एसपी से मिलकर उचित कार्रवाई की मांग करेंगे। संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने पर सामाजिक आंदोलन की बात भी साहू समाज द्वारा कही गई है। प्रतिनिधि मंडल से चर्चा के दौरान मृतक के पिता धनेश साहू, भाई चित्रसेन साहू, जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री डॉ. दिलीप साहू, सरपंच संतोष साहू, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष संतराम साहू, मनोज साहू, शरद साहू, बालमुकुंद साहू, भुनेश्वर साहू, कामता साहू, काशीराम निषाद, खोरबहरा साहू, सुशील साहू, मुकुंद साहू, मिथलेश साहू, दिनेश साहू, शेष साहू, लक्ष्मण साहू सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

## नूतन स्कूल टिकरापारा में अब रोज होगा योग निशुल्क प्रशिक्षण

रायपुर। विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य पर नूतन स्कूल टिकरापारा में 15 दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले लोगों की मांग पर अब प्रतिदिन प्रातः 5.10 बजे से शुरू होकर 6.30 तक योग कक्षाएं चलेंगी। यह कार्यक्रम सामाजिक संस्था राष्ट्रीय दिशा मंच और विकास परिषद द्वारा किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में रोग निवारक, मेमोरी बढ़ाने, डायबिटीज, साइटिका, घुटने की प्रॉब्लम सहित अन्य समस्याओं के निवारण पर अभ्यास भी कराया जाएगा। इसमें कोई भी नागरिक अपना पंजीयन स्थल पर पहुंचकर करा सकता है।

## औषधि प्रशासन विभाग की नए सॉफ्टवेयर पर कार्यशाला

रायपुर। मेडिकल परिसर स्थित केमिस्ट भवन में रविवार को नए सॉफ्टवेयर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन रायपुर के औषधि निरीक्षक डॉ. परमानंद वर्मा, राजेश सोन एवं सतीश सोनी सैंपल विश्लेषक ने नए सॉफ्टवेयर के संदर्भ में केमिस्टों को विस्तार से जानकारी प्रदान की और उन्होंने माह अगस्त 2022 में जितने भी लाइसेंस नवीनीकरण अथवा नए लाइसेंस बनाए गए हैं, उन्हें छोड़कर अगस्त 2022 के पूर्व के समस्त लाइसेंसधारी को अपने समस्त दस्तावेजों की जानकारी नए सॉफ्टवेयर में अपलोड करने के निर्देश दिए। डॉ. वर्मा ने बताया कि नए सॉफ्टवेयर में किस तरह दस्तावेजों को अपलोड किया जाना है। इसकी संपूर्ण जानकारी सदस्यों को दी एवं कहा कि अगर उन्हें उसके बाद भी कोई परेशानी आती हो तो वे विभाग की मदद ले सकते हैं।

# नवीन शिक्षा सत्र की तैयारी, प्रधानपाठकों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शिक्षा सत्र 2024–25 की तैयारी हेतु संकुल केंद्र बोरिद में संकुल प्राचार्य पीएस ध्रुव एवं संकुल शैक्षिक समन्वयन दिनेश कुमार सोनी द्वारा संकुल अन्तर्गत आने वाले प्राथमिक शाला सरकड़ा, बिडोरा, बोरिद, भुजिया पारा बोरिद, सत पारा बोरिद, खैरझिटी कमार पारा, खैरझिटी पूर्व माध्यमिक शाला सरकड़ा, बोरिद, खैरझिटी एवं उच्चतर माध्यमिक शाला बोरिद के संस्था प्रमुखों की आवश्यक बैठक आयोजित कर नवीन सत्र की तैयारियों के संबंध में चर्चा एवं दिशा निर्देश दिया गया। दिशा निर्देश मे बताया गया कि 6 से 14 आयु वर्ग के शत प्रतिशत बच्चों का दाखिला विद्यालय में करना, शाला की विशेष साफ सफाई रंग–रोगन करवाना,शाला प्रवेशोत्सव प्रथम दिन 26 तारीख को ही स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं एसएमसी पालक सदस्यों की उपस्थिति में धूम–धाम से मनाने, मध्याह्न भोजन बच्चों को प्रथम दिन से ही मिले इसकी तैयारी के साथ न्योता भोजन भी कराया जावे। निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश सभी बच्चों को वितरण, सभी रिकॉर्ड पंजियों का संधारण, सभी शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य हो इसका विशेष ध्यान रखा जावे। इसके साथ ही नवीन सत्र में जाति–प्रमाण पत्र, छात्रवित्ति, पाठ्यक्रम तैयार कर अध्ययन, शिक्षक दैनंदिनी आदि विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया। उक्त अवसर पर संस्था प्रमुख– केशव राम साहू, जयप्रकाश सिन्हा, योगेश कुमार सेन, लीलाराम साहू, मनहरण लाल साहू, हुलेश्वरी सोनकर, जागेश्वर गायकवाड़, जागेश्वर साहू, पुष्पलता तिवारी उपस्थित थे।





## खबर संक्षेप



### विधायक से खिलाड़ी प्रीति ने की मुलाकात

**फिंगेश्वर।** नेत्रहीन पंजा कुश्ती में रजत प्राप्त करने वाली खिलाड़ी प्रीति यादव राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात की। खेल के लिए विधायक ने मदद का आश्वासन दिया। हाल ही में 6 से 10 जून तक चले राष्ट्रीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता महाराष्ट्र में जिसमें प्रीति यादव ने 2 रजत पदक प्राप्त की है। इस खुशी के पल को वह साझा करने राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद ली। रोहित साहू ने खेल के प्रति प्रीति का लगाव को देखते हुए उनका हिम्मत बढ़ाया एवं शासन से मिलने वाली मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू, फाचूंन नेत्रहिन विद्यालय के संस्थापक नीरजन साहू, खेल शिक्षक तोरण यादव, मोहन यदु, भूमिका, स्मिता यादव एवं शाला परिवार ने प्रीति को शुभकामनाएं दी है।

### गांवों में जल चौपाल और जागरूकता रैली




**अभनपुर।** रायपुर क लेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार जनपद पंचायत सीईओ राजेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व मे अभनपुर के विभिन्न गांवो मे जल शक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति से जल शक्ति थीम के अंतर्गत कैच द रेन की शुरूवात की गई। इस अभियान का उद्देश्य वर्षा जल संचयन और अन्य टिकाऊ जल प्रबंधन प्रथाओं को अनुकूलित करना है। सीईओ राजेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि इस अभियान के तहत गांव -गांव मे जल चौपाल, जल जागरूकता रैली, बैनर एवं दीवाल लेखन से प्रचार-प्रसार,जल स्त्रोतो की साफ-सफाई, वृक्षारोपण एवं सोकपीट निर्माण, वर्षा जल संचित करने हेतु रिचार्ज पिट का निर्माण एवं ग्राम पंचायत के युवाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों में जल सुरक्षा की जागरूकता हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है।

### ब्रम्हाकुमारीज ने मम्मा डे के साथ मनाया योग दिवस



**गरियाबंद।** देवभोग रोड स्थित शिव शक्ति भवन पर ब्रम्हाकुमारीज ने सोमवार को विश्व योग दिवस के साथ ही मम्मा डे मनाया। इन पलों में ब्रम्हाकुमारीज की उप संचालिका बी के गीता दीदी ने मम्मा डे पर मम्मा अर्थात मातेश्वरी जगदम्बा का 55वां पुण्य स्मृति दिवस पर, दादी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मम्मा अपने बच्चों की छोटी छोटी बातों का ख्याल रखते हुए पालना करती थी। उन्होंने बताया कि संस्था के आरंभिक काल में बहुत ही कम आयु में मम्मा ने समाज का प्रतिकार का सामना करते हुए बाबा परमात्मा के सान्निध्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के राजयोग केंद्रों को स्थापित किया। आज हम सबको उनके बताए आदर्शों को आत्मसात कर परमात्म कार्य में सहभागिता सुनिश्चित करना चाहिए। उपस्थित श्री गंगासागर दादा ने आज के कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति को लेकर अपने भाग्यशाली कहा और योग दिवस पर राजयोग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी लोगों को राजयोग का अभ्यास कराया। इन पलों में ब्रम्हाकुमारिज से जुड़े शिक्षाविद एवम समाजसेवी डॉक्टर ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि हर पल हर श्वास में बाबा का याद हो तो जीवन में खुशियां ही खुशियां नजर आएगी क्योंकि शिव परमात्मा कभी अपनी संतानों को दुखी नहीं देख सकता। आज मम्मा डे कार्यक्रम के दीप प्रज्वलन में ब्रम्हाकुमारीज बहनो के साथ साथ धर्मेंद्र भाई, गंगासागर दादा, सोलंकी भाई, अनूप महाडिक भाई, नकुल भाई, शारदा प्रसाद यादव आदि शामिल हुए।

**दिवस : रानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर आदिवासी समाज ने निकाली विशाल रैली**

# रानी दुर्गावती का बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा : लोकेश्वरी नेताम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर में सोमवार को आदिवासी युवा प्रभाग द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती की बलिदान दिवस मनाई गई। सर्वप्रथम समाज प्रमुखों द्वारा रानी दुर्गावती की छायाचित्र की पूजा-अर्चना किया गया और वृक्षारोपण भी किया गया और आदिवासी समाज के लोगों ने विशाल रैली निकाल गगनभेदी नारे लगाये। रैली नगर भ्रमण करते हुए शहीद वीर नारायण सिंह चौक जिडार रोड पहुंची जहां रानी दुर्गावती के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के सभापति एंव आदिवासी समाज महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश्वरी नेताम ने बलिदान दिवस पर रानी दुर्गावती के अदम्य साहस, शौर्य, बलिदान को नमन करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती किसी आगे घुटने नहीं टेके, और मातृभुमि की रक्षा के लिए, अपने प्राण न्यौछावर कर दिया। मातृभूमि की रक्षा के लिए रानी दुर्गावती का बलिदान देशवासियों को सदैव प्रेरणा देती रहेगी, श्रीमती नेताम ने आगे कहा रानी दुर्गावती के युद्ध कला के आगे मुगल शासक भी नतमस्तक थे, आज वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर हम क्षेत्र के सभी आदिवासियो को शपथ लेना है कि आदिवासी समाज को और अधिक संगठित करने सभी तन मन धन से जूट जायेंगे। आदिवासी समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है देश के आजादी के लिए हजारों आदिवासियों ने अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया है।





जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा कि रानी दुर्गावती के साहस और वीरता की गाथाएं भरी पड़ी है। उन्होने राज्य की रक्षा के लिए युद्ध कर वीर गति को प्राप्त किया है। इस दौरान ब्लॉक के कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, आदिवासी नेताम महेन्द्र नेताम, पूर्व सरपंच नोकेलाल ध्रुव ने संबोधित किया और वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सियाराम ठाकुर, युवा प्रभाग अध्यक्ष रामस्वरूप मरकाम, सुभाष मरकाम, धनसिंह नागेश, नेयाल नेताम, बलिराम ठाकुर, राजकुमार, श्रवण दीवान, कोसिंग नेताम, कुशल ध्रुव, प्रमिला ध्रुव, फलेश्वरी ध्रुव, श्यामा बाई, रंजीत ध्रुव, दामोदर नेगी, ओमप्रकाश कोमर्रा, डिगेश्वरी साण्डे, कमला बाई नागेश, प्रताप मरकाम, सोहन नागेश, गगन नेगी, जग्गु नेगी, खोलू कोमर्रा, टीकम ध्रुरव, गोवर्धन ध्रुव, दौलत नेताम, कन्हैया मरई, गौकरण, खामेश्वर नेताम, नोहर सिंह नेताम, रेखराज, नोमती नेताम, रूखमणी ध्रुव, हेमबाई, भुनेश्वरी, लिलेन्द्री नेताम, परमेश्वर मरकाम, रबि सिंह, संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे।

## राज्य की रक्षा के लिए युद्ध कर वीर गति को प्राप्त की

## भारत के इतिहास में वीरांगनाओं की शौर्य गाथाएं अनूठी



छुरा। वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस छुरा नगर के पोस्ट मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास परिसर में आदिवासी समाज के तत्वावधान में मनाया गया। कार्यक्रम में सवर्प्रथम रानी दुर्गावती के छायाचित्र में माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन किया गया तत्पचात अतिथियों का स्वागत पीला चावल से टीका लगाकर एवं पीला गमछा से पगड़ी बांध कर किया गया। समाजजनों की उपस्थिति में रानी दुर्गावती अमर रहे के जयघोष कर उनकी अदम्य साहस और शौर्य को नमन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्व आदिवासी समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर थे। उन्होंने कहा कि भारत का स्वर्णिम इतिहास की पृष्ठभूमि रानी दुर्गावती जैसी वीरांगनाओं की गौरवशाली शौर्य गाथाओं और पराक्रम से अंकित है। भारतभूमि की रक्षा के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। महान गोंड़वाना शासिका रानी दुर्गावती का यह सर्वोच्च बलिदान हम सभी को अनंतकाल तक गौरवभूषित करती रहेगी। तोकेश्वरी मांझी जनपद अध्यक्ष ने कहा कि एकता ही आदिवासी समाज की पहचान रही है समाज में जितने भी महापुरुष और वीर योद्घा पैदा हुए हैं उन सभी ने एकता, शौर्य और पराक्रम के बल पर राष्ट्रीय क्षितिज पर अपना नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित किया है। हम सबको एकता की ताकत को बरकरार रखते हुए समाज के हितों की रक्षार्थ अपने आत्मबल और श्रम साधना को सशक्त करना होगा। समाजसेवी शीतल ध्रुव ने कहा कि विशेष परंपरा और वेशभूषा भी हम आदिवासियों की पहचान होती है लेकिन प्रायः अब देखने को मिल रहा है हम अपनी वेशभूषा और परंपरा को भूलते जा रहे हैं इसे सहेजने की आवश्यकता है। इस अवसर पर नीलकंठ ठाकुर, तोकेश्वरी मांझी, शीतल ध्रव, पुनितराम ठाकुर, संतोष सोरी, रुपनाथ बंजोर, मोहन ठाकुर, हेमन्त ध्रव, कुलेश्वर मरकाम, गिरधारी कुम्भकर, पान सिंह, तेन्दुलकर भोई, प्रकाश, अमित, उत्तम, महेश, गोपी, नोहर सहित छात्र-छात्राएं एवं समाज प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन पुनितराम ठाकुर सामाजिक कार्यकर्ता ने किया।

# मरार और सोनकर समाज भाई-भाई दोनों का व्यवसाय सब्जी की खेती : जितेंद्र

**पटेल धर्मशाला भवन में 3.10 लाख के टाइल्स निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

पटेल धर्मशाला भवन में 3 लाख 10 हजार रूपए की लागत से बनाए जाने वाले टाइल्स निर्माण कार्य का भूमिपूजन नपा अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर के प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर ने किया। इस अवसर पर पार्षद सूरज पटेल, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, प्रदेश कार्य. अध्यक्ष तेजराम पटेल, जिला अध्यक्ष सोमनाथ पटेल, भुखन पटेल, दामोदर पटेल, कैलाश पटेल, विनोद पटेल, फिरंगी पटेल, सुखराम पटेल, कमल पटेल, सुरेश पटेल मौजूद थे। उन्होने बताया कि समाज की मांग पर ये राशि स्वीकृत किया गया था। इस अवसर पर जितेंद्र सोनकर ने कहा कि मरार पटेल समाज मेरा परिवार हैं। सोनकर और मरार समाज का व्यवसाय एक ही हैं। इसलिए मरार



और सोनकर समाज राजिम नगर में भाईचारा के साथ दोनों एक-दूसरे के सुख-दुख में हमेशा साथ देते हैं। समाज का जो भी आदेश निवेदन रहता हैं उसे पूरा करने का हमेशा प्रयास करते है। बताया कि पूर्व में समाज की मांग पर वाटर फिल्टर, बोर उत्खनन का काम भी कराया गया हैं। राजिम का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता हैं। मेरी धर्मपत्नी रेखा सोनकर के अध्यक्ष बनने के पहले राजिम नगर में सुविधाओं का अभाव था। आज हर प्रकार की सुविधा राजिम में मिल रहा हैं। हर समाज के छोटी-मोटी समस्याओ व मांगो को दूर कर सबके सुख-दुख में सहभागी बनने का प्रयास रहता हैं। मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा ने कहा कि मरार पटेल समाज एक संगठित समाज हैं, नगर के विकास मे इस समाज का बहुत बड़ा योगदान हैं। पार्षद सूरज पटेल ने कहा कि हमारा समाज आज बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा हैं, आज इस विकास की कड़ी में मेरे मद से टाइल्स लगाकर एक छोटा सा सेवा समाज का करने का प्रयास किया हूँ। राज अध्यक्ष तेजराम पटेल ने कहा कि राजिम राज के इस धर्मशाला में अध्यक्ष और पार्षद निधि से टाइल्स निर्माण के लिए पूरे समाज की ओर से धन्यवाद देता हूं। संचालन जिला अध्यक्ष सोमनाथ पटेल ने व आभार भुखन पटेल ने किया। कार्यक्रम में चंद्रिका पटेल, संजू पटेल, दिलीप पटेल, महेश पटेल, अजय पटेल, आशाराम पटेल सहित बहुत सारे लोग मौजूद थे।

## महासमुंद की जनता के दिलों हमेशा जिंदा रहेंगे अग्नि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग और पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग ने पूर्व कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त कृषि एवं बीज निगम के पूर्व अध्यक्ष और महासमुंद के पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता अग्नि चंद्राकर के निधन पर शोक व्यक्त श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री महिलांग और श्रीमती महिलांग ने कहा कि एक छोटे से गांव से महासमुंद की राजनीति में सितारे बनकर उभरे अग्नि चंद्राकर ने अपने सहज, सरल और मृदुभाषी व्यवहार से न सिर्फ महासमुंद की जनता के दिलों में जगह बनाई, बल्कि उन्होंने दोनों प्रमुख राजनीतिक पार्टी और पक्ष-विपक्ष के नेताओं के दिलों में भी राज किया। श्रीमती महिलांग ने कहा कि सरपंच से राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले अग्नि चंद्राकर का अपने पूरे राजनीतिक जीवन में किसी भी तरह के विवादों से कोई नाता नहीं रहा।

# पीपीटी में रही कम, टीईटी में ज्यादा परीक्षार्थी हुए शामिल

**पीपीटी के कुल 359 परीक्षार्थियों में से मात्र 70 परीक्षार्थी पहुंचे**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय राम विशाल पांडे उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रविवार को पीटीटी एवं टीईटी तथा राजीव लोचन शासकीय महाविद्यालय राजिम, देवी संपत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम एवं सरस्वती हायर सेकंडरी स्कूल राजिम में टीईटी के लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। पूरे गरियाबंद जिले में प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट के कुल 359 परीक्षार्थियों के लिए केवल दो परीक्षा केंद्र पहला राजिम के शासकीय राम बिशाल पांडेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम को ही परीक्षा केंद्र बनाया गया था। सेजेस राजिम में 250 परीक्षार्थी एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम में कुल 109 परीक्षार्थियों के लिए बैठक व्यवस्था की गई थी । लेकिन सुबह की पाली में आयोजित इस परीक्षा में उपस्थिति अत्यंत ही निराशाजनक थी। दोनों केंद्रों में पीपीटी के कुल 359 परीक्षार्थियों में मात्र 70 परीक्षार्थी ही उपस्थित हुए थे। दूसरी ओर नगर के पांच परीक्षा केंद्रों सेजेस राजिम, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम, देवी सम्पद राजिम एवं शासकीय महाविद्यालय राजिम एवं सरस्वती हायर सेकंडरी स्कूल राजिम में द्वितीय पाली में आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा के कुल 1550 परीक्षार्थियों के लिए बैठक व्यवस्था की गई थी। इस पाली में कुल 1217 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जबकि 333 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। व्यापम द्वारा आयोजित इस परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए पूरी व्यवस्था की गई थी। पर्याप्त संख्या में वीक्षक सहित ऑब्जर्वर तथा सुरक्षा कर्मी भी प्रदान किए गए थे। केंद्राध्यक्ष , ऑब्जर्वर सहित सभी वीक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया था। जानकारी के अनुसार राजिम नगर के पांचों परीक्षा केंद्रों में दोनों पारियों की परीक्षाएं बहुत ही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं आयी ।

### 30 को होगी प्री-बीएड एवं प्री-डीएलएड परीक्षा

अगले रविवार 30 जून को व्यापम द्वारा प्री-बीएड एवं प्री-डीएलएड की परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। जिसमें नगर में प्रथम पाली में आयोजित होने वाले प्री बीएड के कुल 1215 परीक्षार्थियों के लिए सेजेस राजिम सहित कुल चार परीक्षा केंद्र तथा द्वितीय पाली में आयोजित होने वाले प्री-डीएलएड के कुल 1500 परीक्षार्थियों लिए पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

# स्वच्छता कमचारियों को रेनकोट किया वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

नगर पंचायत फिंगेश्वर के द्वारा बारिश का मौसम आने पर एवं बारिश से बचने अपने मातहत कर्मचारी स्वच्छता दीदी एवं स्वच्छता कमांडो को रेनकोट का वितरण किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने धन्यवाद ज्ञापित



किया और कहा कि अब नगर पंचायत का कार्य बारिश के चलते भी होता रहेगा। नगर की स्वच्छता के लिए बारिश का कोई बहाना नहीं होगा। रेनकोट पहनकर बारिश मे भी अनवरत काम करते रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोश विश्वकर्मा नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, सब इंजीनियर हेमंत देवांगन पार्षद अनिल चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

**22 जुलाई से प्रारंभ होगा सावन का महीना**

# सावन में इस बार महायोग, पड़ रहा 5 सोमवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सावन में सोमवार का बहुत ही ज्यादा महत्व है इसलिए कि भोलेनाथ शंकर को यह महीना बहुत ही प्रिय है। इस बार सावन में पांच सोमवार पड़ रहे हैं। इसे देखते हुए शिव भक्तों में अभी से असीम उत्साह और उमंग का वातावरण देखने को मिल रहा है। हालांकि सावन लगने में अभी 28 दिन का समय शेष है। बावजूद शिवभक्त तैयारी में लग गए है। 22 जुलाई को सावन लग रहा है और यह पहला सावन सोमवार होगा। 29 जुलाई को दूसरा सोमवार पड़ेगा। 5 अगस्त तीसरा और 12 अगस्त चौथा सोमवार। पांचवा सोमवार 19 अगस्त को रक्षाबंधन का महापर्व है। इस बार पांच सोमवार सावन में पड़ने से व्रत रखने वाले शिवभक्त बेहद खुश है। राजिम में भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव का जो शिवलिंग है इसे राम वन गमन के समय माता सीता ने स्थापित किया था इस लिहाज से भी राजिम का बहुत ज्यादा महत्व है। यहां तीन नदियों के संगम के बीच में भोलेनाथ का यह मंदिर है। जहां पूरे सालभर श्रद्धालु, शिव भक्तों की भीड़ लगी रहती है। महाशिवरात्रि में तो अपार भीड़ रहती है। लाखों लोग एक ही दिन में दर्शन कर अपने परिवार के सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना करते हैं। सावन में पूरे 30 दिन राजिम में मेले की माफिक भीड़ नजर आती है। पूरे प्रदेश के कोने-कोने से श्रद्धालुजन यहां अपने परिवार और मित्रों के साथ पहुंचते हैं। खासतौर से इस बार पांच सोमवार पड़ रहा है इसलिए पंडितों के मुताबिक महायोग बन रहा है। इस महीने में जो श्रद्धालु व्रत, उपवास रखकर पंचामृत और दुग्धाभिषेक करते हुए मंत्र उच्चारण के बीच अभिषेक करेंगे उनकी सारी मनोकामनाएं भोलेनाथ शीघ्र ही पूरा करते हैं ऐसी मान्यता है। बेलपत्र और धतूरा का फूल शिवजी को बहुत ही प्रिय है।

राजिम पंचकोशीधाम के लिए भी पूरे प्रदेश में जाना जाता है। इस बार शिवभक्त पंचकोशी धाम के एक-एक शिव मंदिरों में एक-एक सोमवार को बहुत ही आसानी के साथ पहुंचकर पांच कोस के अंतराल में दर्शन करने जा सकते हैं।



### कांवरियों के लिए निशुल्क व्यवस्था

कांवरियों के लिए नि:शुल्क भोजन और ठहरने का इंतजाम किया जाता हैं। जगह-जगह पंडाल लगाकर नाश्ता,पानी कराया जाता हैं। इसके अलावा श्री राधाकृष्ण मंदिर एवं बाबा गरीबनाथ महादेव मंदिर में सहस्त्रजलधाराभिषेक का बड़ा कार्यक्रम आयोजित होता हैं। जहां कई हजारो की संख्या में महिलाएं,युवतियां तथा शिवभक्त श्रृंखलाबद्ध होकर सीधे महानदी से मंदिर तक बाल्टी में जल पहुंचाते हैं। इसी जल से पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच सहस्त्रजलधाराभिषेक कराया जाता हैं।

